# University in News on 14 January 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

**i-NEXT PAGE I**

# 25 तक भरे जा सकेंगे पहले सेमेस्टर एग्जाम के फॉर्म

LUCKNOW (13 Jan) : एलयू ने यूजी व पीजी प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म भरने की तिथि 25 जनवरी तक बढ़ा दी है. विषम सेमेस्टर दिसंबर-2021 स्नातक, परास्नातक, प्रबंधकीय स्नातक-परास्नातक, विधि, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर व इक्जम्टेड विद्यार्थी lkouniv.ac.in www. exam.luonline.in के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते हैं. एलयू ने अभी तक 12 जनवरी तक परीक्षा फार्म भरने का मौका दिया था. अ परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी नोटिस के अनुसार एलयू के नियमित छात्रों को परीक्षा फार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है. सिर्फ आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा. विभागाध्यक्ष कार्यालय से परीक्षा फार्मों की सूची 28 जनवरी तक परीक्षा विभाग में जमा करने के निर्देश दिए हैं. विवि से सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को फार्म कालेज में ही जमा करने हैं. विद्यार्थी आनलाइन परीक्षा फार्म भरने में दिक्कत होने पर <e>lu@helpenable.com पर मेल कर सकते हैं.

### ये भी देने होंगे अभिलेख

कॉलेज के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे अनुमोदित सूची के साथ सभी छात्रों की विद्यार्थियों की अंकतालिका, टीसी, माइग्रेशन प्रमाण पत्र एवं शुल्क रसीद विवि के परीक्षा विभाग को उपलब्ध करा दें.

**JAGRAN CITY PAGE III**

## 25 तक भरें प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म भरने की तिथि 25 जनवरी तक बढ़ा दी है। विषम सेमेस्टर दिसंबर-2021 स्नातक, परास्नातक, प्रबंधकीय स्नातक-परास्नातक, विधि, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर व इक्जम्टेड विद्यार्थी www.lkouniv.ac.in व www.exam.luonline.in के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी नोटिस के अनुसार लवि के नियमित छात्रों को परीक्षा फार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है। सिर्फ आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। विद्यार्थी आनलाइन परीक्षा फार्म भरने में दिक्कत होने पर lu@helpenable.com पर मेल कर सकते हैं।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने किया निरीक्षण

लखनऊ। लविवि के विधिक सहायता केंद्र का बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। विवि के अधिकारियों ने उन्हें विधिक सहायता केंद्र द्वारा कराई गई कार्यशालाओं व जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। जाह्नवी भारद्वाज ने विधिक सहायता के के बारे में बताया। रिचा गुप्ता ने केंद्र के कार्य व संवैधानिक मान्यताओं से अवगत कराया। छात्र संयोजक अनुपम गुप्ता ने आयोजित हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। वरिष्ठ सदस्य मनीष तिवारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को भी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुधीर कुमार सिंह ने विधिक सेवा केंद्र द्वारा कार्यशालाओं को आयोजित करने के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि : 25 तक भरें परीक्षा फार्म

लखनऊ। लविवि ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों व विद्यार्थियों की दिक्कत को देखते हुए विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों में दिसंबर सेमेस्टर के लिए यूजी, पीजी, मैनेजमेंट, विधि व डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों के पहले सेमेस्टर के फॉर्म भरने की तिथि 25 जनवरी तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर व छूटे छात्र परीक्षा के फॉर्म ऑनलाइन विवि की वेबसाइट पर भर सकते हैं। वहीं लखनऊ में परीक्षा फॉर्म परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि 28 जनवरी, रायबरेली व सीतापुर के लिए 29 व हरदोई-लखीमपुर में 31 जनवरी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

**HINDUSTAN PAGE 9**

## लखनऊ यूनिवर्सिटी में 25 तक भरें परीक्षा फॉर्म

2 लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की मार्च में प्रस्तावित प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तारीख 25 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। इससे परीक्षार्थियों को काफी राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के छात्र और छात्राएं लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in और www.exam.luonline.in पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

## लवि : 10 शिक्षकों को मिला शोध प्रोजेक्ट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कई शिक्षक नए शोध प्रोजेक्ट पर जल्द ही कार्य शुरू करेंगे। शासन की रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत विश्वविद्यालय के पांच विभागों के दस शिक्षकों को अलग-अलग शोध प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इनमें वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. अमृतेश चंद्र शुक्ला, डा. रत्ना कटियार, डा. अल्का कुमारी, डा. राजेश कुमार तिवारी, रसायन विभाग के डा. अभिनव कुमार, भूगर्भ विभाग के डा. सरजीत सेन शर्मा, जीव विज्ञान में डा. शैली मलिक, बायो केमिस्ट्री में डा. कुसुम यादव, अप्लाइड इकोनामिक्स के डा. बिमल जायसवाल, डा. नागेंद्र कुमार मौर्य शामिल हैं। इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत हो गई है।